नवभारत
इंदौर, मंगलवार, 14 जुलाई 2026

मुख्यमंत्री के आदेशों की अनदेखी

- 30 साल से सेवाएं दे रहे कार्यभारित कर्मचारी पदोन्नति से वंचित
- राज्य कर्मचारी संगठन ने सीएम हाउस में सौंपा ज्ञापन,

उज्जैन। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में कार्यरत कार्यभारित कर्मचारियों को विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया से बाहर रखने पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संगठन ने कड़ा विरोध जताया है। संगठन का आरोप है कि विभाग मुख्यमंत्री और वित्त विभाग के स्पष्ट निर्देशों की सीधे तौर पर अवहेलना कर रहा है।संगठन के अनुसार, विभाग में 25 से 30 वर्षों से सेवाएं दे रहे कार्यभारित डिप्लोमा एवं डिग्रीधारी कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ नहीं दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री सभी वर्गों के कर्मचारियों को समान अवसर प्रदान करने के निर्देश दे चुके हैं। साथ ही वित्त विभाग ने भी 22 दिसंबर को जारी आदेश में सभी विभागों को पदोन्नति नियमों में संशोधन कर पात्र कर्मचारियों को समान अवसर देने की अनुशंसा की है।राज्य शासन द्वारा स्थायी और अस्थायी पदों के बीच का भेद समाप्त कर कार्यभारित स्थापना के पदों को नियमित माना गया है। इसके बावजूद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की पदोन्नति सूची में इन कर्मचारियों को शामिल नहीं किया गया, जो कि शासन के निर्णयों के सर्वथा विपरीत है।अपनी मांगों को लेकर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संगठन के मंत्री मनोहर गिरी एवं संभागीय अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री निवास पर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कार्यभारित डिप्लोमा एवं डिग्रीधारी कर्मचारियों को तत्काल पदोन्नति प्रक्रिया में शामिल करने की मांग की गई।इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, जिला कार्यकारी अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, जिला सचिव राम सिंह बनिहार, जिला उपाध्यक्ष अशोक मालवीय, आउटसोर्स कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री गुलशन मंसूरी, सूरज सेन, रतनलाल तंवर तथा महेश राजोरिया सहित अन्य शासकीय कर्मचारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

श्री राजेंद्र जयंत सेन विद्यापीठ में धूमधाम से मनाया इन्वेस्टीचर सेरेमनी

खाचरौद। श्री राजेंद्र जयंत सेन विद्यापीठ में इन्वेस्टीचर सेरेमनी का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गुरुदत्त जोशी, विशिष्ट अतिथि एवं प्रबंधन समिति सदस्य अजय वागरेचा, ज्ञानचंद मेहता, धर्मचंद नांदेचा, अजय भंडारी एवं सुधीर मेहता उपस्थित रहे। इस अवसर पर हर्षित वागरेचा एवं ऋषभ भंडारी भी विशेष रूप से मौजूद थे। समारोह में नवनियुक्त छात्र पदाधिकारियों को बैज एवं सैश पहनाकर उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं।नवनियुक्त पदाधिकारी 2026-27 -हेड बॉय रोशन खटोलिया, हेड गर्ल माही नागदा, स्कूल रिप्रेजेंटेटिव रौनक शर्मा, स्कूल वेलफेयर श्रयांशी कुमावत, स्कूल कोऑर्डिनेटर शर्मा, हाउस कैप्टन्सराजेंद्र सूरी हाउस भव्य चंडालिया, यतींद्र सूरी हाउस यशपाल सिंह राठौर, विद्याचंद सूरी हाउस भाग्यश्री राजपुरोहित, जयंत सेन सूरी हाउस अवनी जैन बनाए गए।

एक नजर में

डोंगला तक की सड़क बनाने की घोषणा में महिदपुर-डोंगला-जगोटी-घट्टिया तक को मुख्यधारा से जोड़े

महिदपुर। मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा विगत दिवस डोंगला प्रवास के दौरान डोंगला की सड़क बनाने की घोषणा की गई है। क्षेत्र के विकास व ग्रामीण अंचलों को मुख्यधारा से जोड़ने हेतु व तहसील मुख्यालय को दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से भी आवागमन का रास्ता होकर जोड़ने से महिदपुर से बीनपुरा, बिसलखेड़ी, डोंगला, ब्राह्मणखेड़ा, जगोटी, घट्टिया का सीधा सरल व सुगम टू लेन बनने से ग्रामीण जनजीवन में आमूल चूल परिवर्तन होकर डोंगला से जवासिया पंथ होकर महिदपुर आने में करीबन 9 किमी की बचत होकर समय श्रम की भी बचत होगी। इसी प्रकार का लाभ घट्टिया-जगोटी, डोंगला, ब्राह्मणखेड़ा, डोंगला, बिसलखेड़ी, बीनपुरा, महिदपुर का अत्यंत शार्ट रुट होकर नये मार्ग का उन्नयन होकर आम नागरिकों को फायदा होकर उक्त डोंगला से सीधे उज्जैन से भी जुड़ जावेंगे ताकि जनता को विकल्प भी प्राप्त हो सके। वहीं महिदपुर की नागौरी कालोनी, शफी कालोनी, पटवारी कालोनी, बस स्टैंड, उत्कृष्ट हायर सेकण्डरी स्कूल, कालेज, राजपूत धर्मशाला, आंजना धर्मशाला, कन्या उत्कृष्ट हायर सेकण्डरी स्कूल भी मुख्य सड़क से जुड़ जावेंगे जिससे दो तहसीले महिदपुर-घट्टिया के विकास के द्वार भी खुल जावेंगे। मप्र कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता व सामाजिक कार्यकर्ता अशोक नवलखा ने मुख्यमंत्री से उक्त मार्ग को भी जोड़ने की घोषणा कर आम जनता को राहत व सुविधा देने की मांग की है ताकि उपरोक्त ग्राम भी तहसील मुख्यालय के साथ जिला व संभाग मुख्यालय से जुड़ जावेंगे।

कृषि एवं किसान हित में समर्पित सेवाओं को मिला सम्मान

बड़नगर। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उदय कुमार अग्निहोत्री के सेवानिवृत्ति अवसर पर आयोजित गरिमामय सम्मान समारोह में नगर एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, कृषि विभाग के अधिकारियों, सामाजिक संगठनों, किसानों तथा व्यापारियों ने उपस्थित होकर उनके दीर्घकालीन सेवाकाल का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक जितेंद्र उदय सिंह पंड्या मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में विधायक पंड्या ने कहा कि उदय कुमार अग्निहोत्री ने अपने सेवाकाल में कृषि एवं किसान हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिंचित कृषि क्षेत्र में हुई उल्लेखनीय वृद्धि सरकार की किसान हितैषी नीतियों तथा उन्हें धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने वाले कर्मठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों का परिणाम है। अग्निहोत्री जैसे निष्ठावान अधिकारी सरकार और किसानों के बीच मजबूत सेतु बनकर कार्य करते रहे हैं। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शांतिलाल धाबाई, मुरली मोरवाल, सुकमाल जैन, विराग मिश्रा, महेंद्र शर्मा डॉ. गणपति प्रसाद अग्निहोत्री, मनोहर गिरी, कमलेश राठौड़ एवं जीआर मुवेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने अग्निहोत्री के सरल व्यक्तित्व, प्रशासनिक दक्षता तथा किसान एवं कृषि आदान विक्रेताओं के साथ उनके आत्मीय संबंधों की सराहना करते हुए उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया। विशेष वक्ता के रूप में पूर्व सेल टैक्स अधिकारी कमिश्नर डॉ. धर्मपाल शर्मा ने अग्निहोत्री के पारिवारिक संस्मरण साझा करते हुए उनके मानवीय एवं सामाजिक पक्ष पर प्रकाश डाला। वहीं कर्मचारी नेता घनश्याम पाठक ने कर्मचारी हितों एवं विभागीय कार्यों में उनके सहयोग और नेतृत्व की विस्तार से चर्चा की। समारोह के प्रारंभ में अनिल शर्मा ने सरस्वती वंदना की ओर स्वागत सभी अतिथियों का डॉ. प्रेम प्रकाश अग्निहोत्री, मनोज अग्निहोत्री के किया। स्वागत भाषण पूर्णा गौरव पांडे ने दिया। नगर एवं क्षेत्र की विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संस्थाओं ने अग्निहोत्री का शाल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। संचालन नितेश जोशी ने किया तथा अंत में कविश अग्निहोत्री ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

नगर परिषद का साधारण सम्मिलन सम्मेलन

खाचरौद। नगर पालिका परिषद की साधारण बैठक का आयोजन नगर पालिका सभागृह में नगर पालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में चार प्रमुख विषयों पर विचार एवं निर्णय किए। जिसमें लुणावत पेट्रोल पम्प के सामने प्रस्तावित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण हेतु प्राप्त निविदा दरों की सर्वानुमति से स्वीकृति प्रदान की गई। नगर पालिका प्रांगण में प्रथम तल पर दुकानों के निर्माण के लिए आई निविदा दरों की सर्वानुमति से स्वीकृति के साथ विशेष निधि अंतर्गत सड़कों के चौड़ीकरण कार्य की सड़क निर्माण निविदा दर पर उपस्थित भाजपा पार्षद गोदावरी बम्बोरिया, आरती पण्ड्या एवं सूर्यप्रकाश शर्मा द्वारा सहमति प्रदान की गई। शेष उपस्थित समस्त पार्षदों द्वारा अस्वीकृति प्रदान की गई। इस कारण उक्त प्रस्ताव बहुमत के आधार पर स्वीकृत नही हो पाया। डोल ग्यारस पर्व-2026 मनाए जाने तथा भेंट वितरित किए जाने हेतु समिति बनाकर भेंट सामग्री पर विचार कर वितरित करने हेतु सर्वानुमति से स्वीकृति प्रदान की गई।

सिंहस्थ में महत्वपूर्ण होगा सीपीआर प्रशिक्षण

- रोटरी क्लब उज्जैन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न
- नई कार्यकारिणी ने लिया सेवा का संकल्प

उज्जैन। रोटरी क्लब उज्जैन की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को संपन्न हुआ। समारोह में डॉ. केतन सिलवरिया ने अध्यक्ष और सुरेश शर्मा ने सचिव पद की शपथ ली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट 3040 के डीजीएन सुखदेव सिंह घुम्मन और शपथ अधिकारी डीजीई मुकेश साहू मौजूद रहे। इस दौरान डॉ. रजत महादिक को रोटरी पिन लगाकर नए सदस्य के रूप में क्लब में शामिल किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुखदेव सिंह घुम्मन ने क्लब द्वारा चलाए जा रहे अंकुर प्रोजेक्ट, एक पौधा मां के नाम और सीपीआर प्रशिक्षण जैसे सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने एक भावुक प्रसंग साझा करते हुए बताया कि वे स्वयं सीपीआर की वजह से ही जीवित हैं। उन्होंने कहा कि आगामी सिंहस्थ महाकुंभ में सीपीआर प्रोजेक्ट बेहद महत्वपूर्ण और उपयोगी साबित होगा।

इन्होंने ली शपथ

समारोह में नई कार्यकारिणी के कोषाध्यक्ष राजेश माहेश्वरी, उपाध्यक्ष पांखुरी जोशी, उरूसा हाशमी, अजय भार्गव, जवाहर जैन, डॉ. अनूप निगम, धीरीश पारिख, शुभ्रा जैन, प्रहलाद वर्मा, फादर एंटोनी, अवनीश गुप्ता, श्वेता तेलंग, केके पवार और तनिष्क त्रिवेदी ने भी अपने पदों की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात गीता दुबे ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर पूर्व मंडलाध्यक्ष रवि लंगर, डॉ. विमल गर्ग, आरसी जैन, मुकेश जौहरी, शाहिद हाशमी, मीनू भार्गव, जाग्रति शर्मा, प्रफुल यादव, हर्ष मंगल, शांति कुमार पोरवाल, हरिहर शर्मा और अजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में रोटेरियंस मौजूद रहे। आयोजन का सफल संचालन पांखुरी जोशी, डॉ. निशिता सिलवरिया व श्वेता तेलंग ने किया।

सामाजिक संस्था ने 200 बच्चों को वितरित की शिक्षण सामग्री, किया पौधारोपण

नागदा। नव किरण सामाजिक संस्था ने लगातार सातवें वर्ष बिना किसी शासकीय अथवा बाहरी सहयोग के ग्राम टकरवाड़ा में 200 बच्चों को पेन, पेंसिल, कॉपी, चॉकलेट एवं खिलौनों सहित शिक्षण सामग्री वितरित की। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत संस्था सदस्यों ने वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम में रितु पांडे, रानी पोरवाल, उर्मिला डांगरा, अन्नपूर्णा शर्मा, श्यामल पोरवाल, श्रीकांत अग्रवाल, सरोज पोरवाल, अनीता सेठिया, हेमलता पोरवाल, सुमन बाथम, साधना शर्मा, रीता राठौर, दुर्गा लीलानी, शारदा मोगरा, सरोज अग्रवाल, किरण पोरवाल, चेतन उपाध्याय, पल्लवी प्रजापत, सोनू चौधरी, इंद्र कुमार शेखावत, हेमा अग्रवाल, स्वाति कटिहार, स्नेहलता तोषण एवं अंजू अग्रवाल, कविता तिवारी उपस्थित रहे।

सूखते बोरिंग बचाने पार्षद की पहल

- निजी खर्च से बनवा रहे 100 वाटर हार्वेस्टिंग पिट
- निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने 6 स्थानों से की शुरुआत,

उज्जैन। शहर में गहराते जल संकट और सूखते बोरिंग को देखते हुए वार्ड 18 के पार्षद और नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने निजी खर्च से 100 वाटर हार्वेस्टिंग रिचार्ज पिट बनवाने का अभियान शुरू किया है। इसकी शुरुआत सामाजिक न्याय परिसर और हीरा मिल की चाल क्षेत्र में 6 स्थानों पर गड्ढे करवाकर की गई है।

इस बार गर्मी में अरविंद नगर और सुदामा नगर में भूजल स्तर गिरने से कई बोरिंग पूरी तरह सूख गए थे। इसे देखते हुए जल स्तर बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया है। पार्षद रवि राय ने बताया कि सामाजिक न्याय परिसर लगभग चार लाख वर्गफीट का बड़ा क्षेत्र है। बारिश के समय यहां घुटनों तक पानी भर जाता है और दिसंबर तक डबरे भरे रहते हैं। बारिश का यह पानी नालियों में बहकर व्यर्थ न जाए, इसके लिए ट्रैक्टर की मदद से गड्ढे करवाए जा रहे हैं। मुरम आने तक लगभग 15 से 20 फीट गहरे गड्ढे कर उनमें वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जमाया जा रहा है।वर्तमान में सामाजिक न्याय परिसर के विभिन्न स्थानों, हीरा मिल की चाल शनि महाराज मंदिर के पास और हीरा मिल की चाल खेल मैदान में 6 गड्ढों के साथ इसकी शुरुआत की गई है। पूरे वार्ड क्षेत्र में 100 गड्ढे करवाने का लक्ष्य है। एक गड्ढे पर लगभग 700 से 1000 रुपये का खर्च आ रहा है, जिसे पार्षद स्वयं वहन कर रहे हैं।

अपाक्स जिला कार्यकारिणी की बैठक

उज्जैन। फ्रीगंज स्थित प्राइवेट होटल में अपाक्स द्वारा जिला कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान संगठन को मजबूत बनाने, सदस्यता अभियान तेज करने तथा अधिकारी-कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान सहित विभिन्न संगठनात्मक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर कई प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में संगठन की नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया तथा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष देवनारायण मालवीय (पटवारी) का साफा पहनाकर एवं पुष्पहारों से भव्य स्वागत किया गया। पूर्व जिला सचिव बेनीराम मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि प्रांत अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह यादव थे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व प्रांत अध्यक्ष कैलाश सूर्यवंशी, प्रांतीय महासचिव एवं संभाग प्रभारी जगदीश बेगाना, संभागीय अध्यक्ष श्यामसुंदर सिसोदिया, पूर्व जिला अध्यक्ष आगर मालवा रमेश बेगाना सहित मंदसौर, नीमच एवं आगर मालवा के जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे। अध्यक्षता संगठन के संरक्षक एवं अपाक्स के पूर्व जिला अध्यक्ष अनोखीलाल भारती (एडवोकेट) ने की। बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन करते हुए सुश्री ममता सहारे को जिला कार्यकारी अध्यक्ष तथा शोभा कौशल को जिला सचिव (द्वितीय) के पद पर निर्वाचित किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में अनोखीलाल भारती ने संगठन को पुनर्जीवित करने, प्रत्येक विभाग में समितियों का गठन करने, परामर्शदाता समितियों में कर्मचारियों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से रखने तथा अधिक से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को संगठन से जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान चलाने पर जोर दिया।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गांधी उद्यान में रोपे 11 पौधे

उज्जैन। राष्ट्रीय युवा फोरम द्वारा गांधी उद्यान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उज्जैन विकास प्राधिकरण के डायरेक्टर विजय अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में 11 पौधे रोपे गए।

फोरम के महामंत्री नंदकिशोर बैरागी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से उद्यान परिसर में नीम, पीपल, जामुन और बेलपत्र के पौधे लगाए गए हैं।पौधारोपण के इस अवसर पर भाजपा नेता अशोक देवड़ा, महेंद्र सिंह बैस, शिक्षाविद उदयन पारीक, नवयुवक मंडल अध्यक्ष इंद्रेश अग्रवाल, कृष्ण अग्रवाल, मौनिल अग्रवाल, संस्कार बैरागी, आनंद शराफ और दीपेश अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सेंट जोसेफ कॉन्वेंट विद्यालय में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

महिदपुर। छात्रों में नेतृत्व क्षमता एवं उत्तरदायित्व भावना जागृत करने के उद्देश्य से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संत जोसेफ कॉन्वेंट विद्यालय महिदपुर में 13 जुलाई को गरिमापूर्ण शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में माडल विद्यालय के प्राचार्य रामेश्वर सोनी उपस्थित रहे। शुभारंभ संस्था प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल, उप प्रबंधक फादर सजी, प्राचार्य सोबी थॉमस, उप प्राचार्य अनिश थॉमस एवं नवनियुक्त हेड बॉय यजत पंवार, हेड गर्ल कृति जैन ने दीप प्रज्जवलित कर किया। यलो हाउस की ओर से दिव्या पालीवाल मेडम ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। विद्यालय प्राचार्य सोबी थॉमस सर ने अपने स्वागत भाषण के माध्यम से छात्रों को नेतृत्व अनुशासन और सेवा भावना के महत्व को समझाया।

इसके पश्चात मुख्य अतिथि रामेश्वर सोनी ने अपने उद्बोधन में नेतृत्व क्षमता एवं दायित्व बोध की उपयोगिता बताई। विद्यालय प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल ने उद्बोधन में कर्त्तव्य के महत्व को समझाते हुए सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी। विद्यालय प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल, उप प्रबंधक फादर सजी, प्राचार्य एवं उप प्राचार्य के साथ नव नियुक्त छात्र-छात्रा को बेच प्रदान किए। इसके बाद हेड गर्ल कृति जैन और हेड बॉय यजत पंवार के साथ सभी नवनियुक्त छात्र प्रतिनिधियों ने विद्यालय ध्वज को साक्षी मान शपथ ग्रहण की। तत्पश्चात यलो हाउस की ओर से छात्र छात्रा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये तथा नवनियुक्त हेड बॉय यजत पंवार के धन्यवाद भाषण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

एक नजर अब राशन लेने से भी हुआ वंचित प्रार्थी

समग्र आईडी में जीवित को बताया मृत

महिदपुर। शासकीय विभागों में जो होता है कम ही है। कभी यहां पर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री तैयार की दी जाती है तो कभी किसी को बिना कागज के कब्जा दिला दिया जाता है। लेकिन इस बार तो अजीब ही कारनामा कर दिखाया। यहां पर एक जीवित आदमी को मृत घोषित कर दिया गया। अब बेचारा प्रार्थी अपने आपको जीवित बताने के लिए यहां वहां भटका रहा है।

मामला ग्राम पंचायत लसुडियामसुर के सचिव पर्वतसिंह व सहायक सचिव रामलाल की कारगुजारियों का

बताया जा रहा है। मामले में सुनील पिता ईश्वरसिंह खरोल निवासी ग्राम लसुडियामसुर तहसील झारडा ने आवेदन देकर बताया कि मैं ग्राम लसुडियामसुर जनपद पंचायत महिदपुर में स्थाई रूप से परिवार सहित निवास करता हूं। जिसमें परिवार की आईडी क्रमांक 24065796, सदस्य समग्र आईडी क्रमांक 116509738 होकर शासन से राशन भी नियमित रूप से 8 माह पूर्व तक दिया जा रहा था।

लेकिन मेरे द्वारा शिक्षण के चलते ग्राम लसुडिया तहसील सीतामऊ जिला मंदसौर में निवासरत रहकर शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल खजुरीनाग छात्र के रूप में अध्ययनरत रहते वर्ष 2026 में कक्षा 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। अब मुझे आगामी अध्ययन के लिए शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में पंजीयन करवाया है तथा 9 जुलाई को महाविद्यालय महिदपुर में दस्तावेज जमा करवाने गया तो महाविद्यालय ने ऑनलाईन दस्तावेजों व समग्र आईडी की जांच करने पर महाविद्यालय ने बताया कि समग्र परिवार आईडी में मुझे मृत घोषित कर दिया गया.

रवि प्रदोष एवं वृद्धि योग के शुभ संयोग में स्थापित हुए 11 अमृत कुंभ, उत्तम वर्षा एवं समृद्धि की कामना

नागदा। नगर की 18वीं पारंपरिक चुनरी यसेत्रा की तैयारियों का शुभारंभ रविवार को रवि प्रदोष व्रत एवं वृद्धि योग के पावन संयोग में किया गया। सामाजिक समरसता मंच एवं चुनरी यात्रा आयोजन समिति द्वारा मां चामुंडा मंदिर परिसर में विधि-विधान से 11 अमृत कुंभों की स्थापना कर क्षेत्र में उत्तम वर्षा, किसानों की समृद्धि, भरपूर कृषि उत्पादन, आर्थिक उन्नति, सुख-शांति एवं जनकल्याण की मंगलकामना की गई।

धार्मिक अनुष्ठान के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन संपन्न हुआ। आयोजन समिति ने बताया कि इन अमृत कुंभों की स्थापना आगामी 23 अगस्त को आयोजित होने वाली नगर की 18वीं पारंपरिक चुनरी यात्रा के शुभारंभ का प्रतीक है। चुनरी यात्रा के अवसर पर भगवान शिव का दुग्धाभिषेक एवं जलाभिषेक करने के पश्चात माँ चंबल को श्रद्धापूर्वक 251 फीट लंबी चुनरी अर्पित की जाएगी।

इस अवसर पर सामाजिक समरसता मंच के गिरधारी सिंह शेखावत, राजेंद्र कांठेड़, गोपाल सलूजा, पंकज नामदेव, गिरधारी चौधरी, अशोक शर्मा, रमेश पाल एवं निलेश मेहता उपस्थित रहे।